राजस्थान आवासन मण्डल

राजस्थान आवासन मंडल सीधी भर्ती परीक्षा-2023

8 से 11 सितंबर तक दो पारियों में होंगी ऑनलाइन परीक्षाएं

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल में विभिन्न 258 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा 8 से 11 सितंबर तक प्रतिदिन दो पारियों में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। आवासन आयुक्त एवं सचिव अल्पा चौधरी ने बताया कि चार दिन चलने वाली परीक्षा सुबह और दोपहर दो पारियों में संचालित की जाएगी। पहली पारी सुबह 9:30 से 12:30 तथा दूसरी पारी अपरान्ह 3.30 से 6:30 बजे तक आयोजित होगी। सुबह 9:30 से 12:30 तक चलने वाली पारी में अभ्यर्थी को 7 बजे तक सेंटर पर रिपोर्ट करना होगा। 8 बजे बाद परीक्षा हॉल में आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरी पारी 3.30 से 6.30 चलेगी, जिसमें अभ्यर्थी के लिए 1 बजे रिपोर्टिंग टाइम होगा। 2 बजे बाद परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि 258 विभिन्न पदों के लिए कुल 59 हजार 968 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

चौधरी ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा-2023 पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक, भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था) के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा। राजस्थान आवासन मंडल निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपादित कराने के लिए संकल्पित और कटिबद्ध है।